बिहार लोक सेवा आयोग, पटना
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

आवश्यक सूचना

दिनांक–25.04.2021 को निर्धारित विज्ञापन संख्या–67 / 2020 के लिए अंकेक्षक प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा अपने नियत कार्यक्रम के अनुसार होगी।

उक्त परीक्षा के लिए औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर उम्मीदवार परीक्षा में भाग ले सकते हैं।

जिन उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र में अपलोड किये गये फोटो एवं हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट / अपठनीय / रिक्त हो, वैसे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नलिखित कागजात / साक्ष्य, परीक्षा की निर्धारित तिथि 25.04.2021 को संबंधित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे:–

1. अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध घोषणा पत्र को पूर्णरूप से भरकर उनके निर्दिष्ट स्थान पर किसी राजपत्रित पदाधिकारी से दो रंगीन फोटो अभिप्रमाणित कराकर एक फोटो को अभ्यर्थी अपने ई–प्रवेश पत्र में विनिर्दिष्ट स्थान पर चिपकाऐंगे एवं विनिर्दिष्ट स्थान पर अपना हस्ताक्षर हिन्दी एवं अंग्रेजी में करेंगे तथा दूसरा फोटो ई–प्रवेश पत्र के कार्यालय प्रति में संबंधित केन्द्राधीक्षक के समक्ष चिपकाऐंगे।

2. आई॰डी॰प्रूफ की छायाप्रति (राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित) केन्द्राधीक्षक को निश्चित रूप से समर्पित / जमा करेंगे। उक्त पहचान–पत्र की मूल प्रति भी अपने साथ रखेंगे।

3. केन्द्राधीक्षक द्वारा अभ्यर्थी से प्राप्त उपर्युक्त सभी कागजातों एवं फोटो का मिलान / सत्यापन करने के पश्चात ही उन्हें अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी।

4. सभी परीक्षार्थियों के लिए मास्क / फेस कवर पहनना अनिवार्य है। जिस परीक्षार्थी ने मास्क / फेस कवर नहीं पहना होगा, उन्हें परीक्षा स्थल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। तथापि, परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े प्राधिकारियों द्वारा, सत्यापन किए जाने पर परीक्षार्थी को मास्क हटाना होगा। परीक्षार्थियों को अपने इस्तेमाल के लिए (50ml) हैंड सैनिटाइजर लाना होगा एवं कोविड–19 के मानदण्डों का अनुपालन करते हुए परीक्षा हाल / कक्ष के भीतर तथा परीक्षा–स्थल परिसर में सामाजिक दूरी और निजी साफ–सफाई का ध्यान रखना होगा।

उम्मीदवारों को डाक से (By Post) प्रवेश पत्र नहीं भेजे जाएंगे और न ही इसकी सूचना समाचार पत्रों में दी जाएगी। सभी अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध ई–प्रवेश को डाउनलोड कर परीक्षा में शामिल होगा अपने स्तर से सुनिश्चित करेंगे।

नोटः–विहित घोषणा पत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

19.4.21

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

परीक्षा का नाम : **अंकेक्षक (प्रा॰) प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या – 67/2020)**

घोषणा पत्र

मैं.. पिता/पति का नाम.. रजिस्ट्रेशन नं॰ ...., अनुक्रमांक ...., एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैं दिनांक–**25.04.2021** (रविवार) को आयोजित अंकेक्षक (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या – 67/2020) का/की अभ्यर्थी हूँ। उक्त प्रारम्भिक परीक्षा से संबंधित **ई–प्रवेश–पत्र** में मेरा फोटो/हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय/रिक्त है, जिसके सत्यापन में इस घोषणा–पत्र के निर्दिष्ट स्थान पर चिपकाया गया राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित फोटो एवं हस्ताक्षर (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) मेरा ही है, किसी अन्य व्यक्ति का नही है। तत्सम्बन्धी उपर्युक्त अंकित रजिस्ट्रेशन नं॰ के विरूद्ध समर्पित ऑनलाईन आवेदन में दी गई सभी सूचनाएँ/फोटो/हस्ताक्षर सत्य एवं सही है।

उपर्युक्त की गयी घोषणा, फोटो/हस्ताक्षर किसी अन्य के या गलत पाये जाते हैं तो उसके लिये मैं पूर्णतः जिम्मेवार होऊँगा/होऊँगी और इसके लिए मेरे विरूद्ध **वैधानिक/दण्डात्मक** कार्रवाई करते हुए मेरे आवेदन को रद्द कर दिया जायेगा, इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। मैं आयोग के सभी नियमों/निर्णयों का पालन करने के लिए तैयार हूँ।

राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित फोटो चिपकायें

उम्मीदवार का हस्ताक्षर	
:– हिन्दी में	
:– अंग्रेजी में	

वीक्षक का हस्ताक्षर

केन्द्राधीक्षक का हस्ताक्षर